आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 31.10.2025 समय : 02.10pm

## एकता दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का सपना साकार करने के लिये लोगों से एकजुट होकर खुद को समर्पित करने की अपील की है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद, सरदार पटेल ने 550 से ज़्यादा रियासतों को एकजुट करके असंभव काम कर दिखाया।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोगों को एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने भव्य एकता दिवस परेड का भी अवलोकन किया जिसमें बीएसएफ, सीआरपीएफ और मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्य पुलिस बलों की टुकड़ियों ने 'अनेकता में एकता' की थीम को दर्शाती दस जीवंत झांकियां प्रस्तुत कीं। भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित 'सूर्य किरण' टीम द्वारा शानदार एयर शो किया गया, जिसमें आकाश में तिरंगे के शौर्य और साहस का प्रदर्शन किया गया। वहीं प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में, भोपाल की स्कूल छात्राओं के ब्रास बैंड द्वारा प्रस्तुति दी गई।

एकता दिवस—प्रदेश

प्रदेश में भी राष्ट्रीय एकता दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में एकता व सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और रन फार यूनिटी' मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हमें देश के विकास में योगदान देने वाले वाले हर व्यक्ति का स्मरण करना चाहिये।

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

प्रदेश के सभी पुलिस थाना स्तर पर आज सुबह 'एकता दौड़' रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जबलपुर, नर्मदापुरम, छतरपुर, ग्वालियर,सतना,कटनी सहित अन्य जिलों में भी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया।

## जीएसटी बचत उत्सव

**नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर-जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। आज, हम ऑटोमोबाइल क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से आम जन को हुए लाभ की जानकारी दे रहे हैं। एक रिपोर्ट-**

*आकाशवाणी समाचार के लिए रोहन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मृगनयनी पांडे।*

## स्थापना दिवस

आकाशवाणी भोपाल आज अपना 70वां स्थापना दिवस मना रहा है। 31 अक्टूबर 1956 को राजधानी भोपाल में रेडियो केन्द्र खोलने का उद्वेश्य आम लोगों खासकर ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं और किसानों को मौसम की जानकारी तथा युवाओं तक संगीत की पहुंच आसान बनाना था।

## समाचार संक्षेप में

- जबलपुर में आज आंवला नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।
- मंडला जिले के साइकिलिस्ट हेमंत खरे कश्मीर सू कन्याकुमारी तक देश के सबसे बड़े साइकलिंग अभियान K2K में शामिल होने जा रहे हैं।
- रायसेन जिले की औबेदुल्लागंज जनपद के ग्राम हर्रई में ग्राम चौपाल में कलेक्टर ने ग्रामीणों के संग संवाद कर 113 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया।

..............................